# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.12.2025 समय : 1905

<><><><><><>

1. दीपावली को यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने देशवासियों को बधाई दी।
2. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने बड़ा कदम उठाते हुए उड़ान व्यवधानों के चलते इंडिगों को विंटर शेड्यूल में दस प्रतिशत कटौती के निर्देश दिए।
3. ए एन सी सी आई ने घोषणा करते हुए कहा– कि अंडमान मैराथन दो हजार छब्बीस का आयोजन अगले वर्ष आठ फरवरी को श्री विजयपुरम में होगा।
4. सांसद विष्णु पद रे ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से मुलाकात की।

<><><><><><>

भारत के प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक त्योहारों में से एक, दीपावली को आज संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन – यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। इसकी घोषणा करते हुए संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल मनाई ही नहीं जाती, बल्कि इसे पीढ़ियों तक महसूस किया जाता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि दीपावली एक जीवंत विरासत बनी रहे। हमारे बच्चों को यह जानना चाहिए कि दीपावली रामराज्य का त्योहार है। और यही सुशासन है। अनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में, दीपावली हमें याद दिलाती है कि दीपक भले ही एक हो, लेकिन उसका प्रकाश हम सभी के लिए है। श्री शेखावत ने प्रवासी भारतीयों की भूमिका को भी स्वीकार किया, जिनके दक्षिण–पूर्व एशिया, अफ्रीका, खाड़ी देशों, यूरोप और कैरेबियाई देशों में मनाए जाने वाले उत्सवों ने दीपावली के संदेश को विभिन्न महाद्वीपों तक पहुंचाया है और सांस्कृतिक सेतुओं को मजबूत किया है।

<><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने के निर्णय का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि यह वैश्विक मान्यता देश के प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यन्त गौरव का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने से भारत और विश्व भर के लोग रोमांचित हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि दीपावली भारत की संस्कृति और मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने इस त्योहार को देश की सभ्यता की आत्मा बताया।

<><><><><><>

नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो को उसके संचालन में महत्वपूर्ण उड़ान व्यवधानों और स्वीकृत कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने में अक्षमता का हवाला देते हुए, विंटर कार्यक्रम दो हजार पच्चीस में सभी सेक्टरों में अपनी उड़ानों को दस प्रतिशत कम करने का निर्देश दिया है। नियामक संस्था ने एक नोटिस में कहा कि इंडिगो को इस वर्ष नवंबर में चौसठ हजार तीन सौ छियालिस उड़ानों के लिए अनुमोदन दिया गया था, लेकिन उसने केवल उनसठ हजार चार सौ अड़तीस उड़ानें संचालित कीं और नौ सौ इक्यावन उड़ानें रद्द कीं। सत्र के लिए चार सौ तीन विमानों के साथ छह प्रतिशत कार्यक्रम वृद्धि की अनुमति होने के बावजूद, इंडिगो ने नवंबर में केवल तीन सौ चवालीस विमान ही तैनात किए।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम् के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विमानपत्तन निदेशक मुनीर मादम्पाट ने जानकारी दी है कि संक्षिप्त व्यवधान के बाद अब सभी सेवाएँ पूरी तरह सामान्य हो गई हैं। सात दिसम्बर को इंडिगो एयरलाइंस की सात उड़ानें रद्द होने से संचालन प्रभावित हुआ था, हालांकि उसी दिन बाद में स्थिति सुधरने लगी और केवल एक उड़ान रद्द हुई। आठ दिसंबर से सभी सेवाएँ सामान्य रूप से बहाल हो गई हैं। उन्होंने यात्रियों, कर्मचारियों और साझेदारों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। यात्रियों से अनुरोध है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करें और सामान्य समय के अनुसार हवाई अड्डे पहुँचे।

<><><><><><>

वैश्विक सॉफ्टवेयर दिग्गज कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में ए आई के भविष्य के लिए आवश्यक अवसंरचना, कौशल और स्वायत्त क्षमताओं के निर्माण में मदद करने के उद्देश्य से सत्रह दशमलव पांच अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है। माइक्रोसॉफ्ट के CEO सत्या नडेला ने यह जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कल मुलाकात के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि भारत की आकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अपना अब तक का सबसे बड़ा निवेश कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशिया में माइक्रोसॉफ्ट के अब तक के सबसे बड़े निवेश का स्वागत किया है और भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नेतृत्व क्षमता को लेकर आशा व्यक्त की है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. के चन्द्रशेखरन ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी है कि अंडमान मैराथन आठ फरवरी दो हजार छब्बीस को श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस आयोजन के उद्देश्यों, विभिन्न इवेंट्स, मार्ग, सहभागिता और अन्य व्यवस्थाओं पर जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और केंद्रीय बजट में द्वीप समूह के लिए पूंजीगत खर्च का आवंटन बढ़ाने की मांग की। उन्होंने पांच हजार करोड रूपए के विशेष पैकेज की भी अपील की, ताकि लंबित विकास परियोजनाओं को पूरा किया जा सके। वित्त मंत्री ने एस एस के एम योजना के बारे में जानकारी ली, जिसके बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह योजना केवल राज्य सरकारों के लिए है। इसके बावजूद, वित्त मंत्री ने द्वीप समूह के लिए बजट बढ़ाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का एन्यूमेरशन चरण कल समाप्त हो जाएगा। इस चरण में कुल छियासठ हजार अटठाईस मतदाता 'असंग्रहणीय' श्रेणी में सूचीबद्ध हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं और राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि वे असंग्रहणीय सूची की जांच करें और यदि कोई उपलब्ध हो, तो कल तक संबंधित अधिकारियों या हेल्पलाइन नम्बर एक नौ पांच शून्य से संपर्क करें, ताकि उनका नाम सोलह दिसंबर, दो हजार पच्चीस को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

<><><><><><><>

टैगोर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख राजयोग शिक्षिका और आध्यात्मिक मार्गदर्शक, ब्रह्मा कुमारी शर्मिष्ठा को आमंत्रित किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को आत्म–संतुलन बनाने, परीक्षा के डर और तनाव से निपटने के लिए ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। ब्रह्माकुमारी शर्मिष्ठा ने कहा कि खुशी भीतर से उत्पन्न होती है, सामंजस्य एक सचेत विकल्प है और ध्यान जीवन में स्पष्टता, शक्ति और शांति लाता है। प्रशिक्षणार्थियों ने अपने आंतरिक जीवन को बेहतर बनाने और ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन के महत्वपूर्ण उपाय सीखें।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के अंतर्गत राष्ट्रीय बधिरता निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बिलिग्राउंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आज आई ई सी–सह–ई एन टी स्क्रीनिंग एवं विकलांगता शिविर और नवजात शिशु श्रवण जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का नेतृत्व संयुक्त सचिव डॉ. गणेश समद्दर ने किया। सी एम ओ एवं प्रभारी डॉ. शैलजा पी., के साथ–साथ ई एन टी विशेषज्ञ डॉ. श्रीलेखा बंदारू ने सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में कुल पचहत्तर ई एन टी जांच की गई।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार एड्स नियंत्रण सोसायटी में लैब तकनीशियन और परामर्शदाता के एक एक पद में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह भर्ती पूर्णतः अनुबंध के आधार पर किए जाएंगे। इच्छुक तथा पात्र उम्मीदवार निर्धारित आवेदन प्रारूप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तीस दिसम्बर है।

<><><><><><><>